NCVT CODE - PU09001651 प्रशिक्षित युवा कौशल भारत लक्ष्य हमारा VPPUP CODE – 1809

DEORIA PRIVATE ITI

Affiliated by NCVT under DGT
Ministry of Skill Development & Entrepreneurship, Government of India, New Delhi
Address- Krishna Nagar, Deoria Khas, District- Deoria, State - UP- 274001
Email- deoriaitc@gmail.com Website- www.deoriapvtiti.com

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

SR. NO. 080202 DATE- 02/08/2023

प्रशिक्षुओं के अवकाश स्वीकृति हेतु नियमावली

अवकाश के संख्या के संबंध में -

1 – एक सत्र में कोई प्रशिक्षु अधिकतम 12 दिन का अवकाश (CL)ले सकता है।

2 – एक सत्र में कोई प्रशिक्षु अधिकतम 6 दिन का मध्यावकाश (Half day) प्राप्त कर सकता है।

3 – एक सत्र में कोई प्रशिक्षु अधिकतम 15 दिन चिकित्सावकाश (Medical Leave) प्राप्त कर सकता है।

4 – उपरोक्त के अतिरिक्त किसी प्रकार के अवकाश का प्रवाधान नहीं है।

अवकाश स्वीकृत के संबंध में –

1 - CL या HL के लिए प्रशिक्षु द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र का होना अनिवार्य है, बिना प्रार्थना पत्र के कोई अवकाश स्वीकार्य नहीं होगा।

2 – CL प्रशिक्षु के क्लास टीचर के द्वारा व HL प्रधानाचार्य के द्वारा स्वीकार होगा।

3 – CL प्रार्थना पत्र अवकाश तिथि से एक सप्ताह के भीतर ही स्वीकार्य होंगे उसके बाद उस तिथि पर प्रशिक्षु अनुपस्थित ही रहेगा।

4 – HL प्रार्थना पत्र प्रधानाचार्य से प्रशिक्षु स्वत: स्वीकृत करा कर मध्यावकाश (Lunch) के बाद जा सकेगा।

5 – एप के माध्यम से Leave apply करना केवल सूचना मात्र माना जायेगा मात्र उस पर Apply कर देने से अवकाश स्वीकृत नहीं होगा।

6 – ML (Medical Leave) प्रार्थना पत्र के साथ मेडिकल रिपोर्ट इत्यादि (MBBS डॉक्टर द्वारा प्रमाणित) के साथ संलग्न करने के पश्चात् ही प्रधानाचार्य द्वारा अवकाश स्वीकृत होगा।

7 – ML कम से कम 7 दिनों के लिए ही स्वीकृत होगा एक या दो दिन के अवकाश हेतु Leave स्वीकार्य नहीं होगा।

8 – किसी भी प्रकार का अवकाश का अधिकतम प्रयोग प्रशिक्षु अपने आवश्यकतानुसार कर सकते हैं, अवकाश के शेष रह जाने पर उसका प्रयोग सत्र समाप्ति पर नहीं किया जा सकता है ना ही उसे उपस्थिति के रूप में दर्ज किया जा सकता है।

10 – बिना प्रार्थना पत्र स्वीकृत कराये संस्थान से बाहर जाने पर तत्काल प्रभाव से अनुपस्थिति दर्ज की जाएगी।

11 – किसी भी प्रकार का अवकाश निर्धारित समयानुसार ही स्वीकृत या अस्वीकृत होगा। चढ़ जाएगा, अंतिम में हो जाएगा इत्यादि प्रकार के कोई दिशा निर्देश नहीं है, अत: समय से अवकाश स्वीकृत हो जाए इसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशिक्षु की है।

अमन कुशवाहा
प्रधानाचार्य
देवरिया निजी आई०टी०आई०
कृष्णा नगर, देवरिया खास
देवरिया (उ०प्र०) 274001

प्रतिलिपि-

1. संस्थान के वेबसाइट पर।
2. नोटिस बोर्ड्स।
3. गार्ड फाइल।
4. मोबाइल एप पर सूचनार्थ।

File No. 080202